**Press Release**

## <u>राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार - सहारनपुर में महिला जन सुनवाई का आयोजन</u>

**नई दिल्ली, 11 अगस्त 2025:** राष्ट्रीय महिला आयोग प्रत्येक महिला के सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके विषयों को जमीनी स्तर पर संबोधित करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए, आयोग "राष्ट्रीय महिला आयोग- आपके द्वार" महिला जन सुनवाई का आयोजन कर रहा है। इस जन सुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित लंबित मामलों का समाधान करना तथा यथासंभव सभी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करना है।

**यह महिला जन सुनवाई 12 अगस्त, 2025 को दोपहर 02:00 बजे से सहारनपुर में स्थित सर्किट हाउस के मीटिंग हॉल मे आयोजित की जाएगी,** जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीया अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर उपस्थित रहेंगी। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित इन दोनों जन सुनवाई में संबन्धित जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारिगण भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे, जिससे महिलाओं से संबंधित मुद्दों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीय अध्यक्षा श्रीमती विजया रहाटकर 12 अगस्त, 2025 को सहारनपुर के प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान वे सुबह जेल निरीक्षण करेंगी व जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बैठक करेंगी। एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आयोग द्वारा सहारनपुर मे SHE IS A CHANGEMAKER कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जहां निर्वाचित महिला जन प्रतिनिधियों हेतु क्षमता निर्माण सत्र का आयोजन होगा। श्रीमती विजया रहाटकर कामकाजी महिलाओं के एक क्लस्टर का दौरा भी करेंगी।

हाल ही में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त करने हेतु YASHODA AI कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था, इस कार्यक्रम के माध्यम से देश भर

की महिलाओं को आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस का ज्ञान दिया जाएगा। YASHODA AI कार्यक्रम के अंतर्गत सहारनपुर मे महिलाओं के लिए प्रशिक्षण सत्र का भी आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रीय महिला आयोग सहारनपुर और आसपास के सभी शहरों की महिलाओं से यह आग्रह करता है कि यदि वे किसी भी प्रकार की समस्या से पीड़ित हैं तो इस जन सुनवाई में भाग लेकर अपनी समस्या आयोग तक पहुचाएँ। प्रत्येक महिला को त्वरित न्याय मिले इसी उद्देश्य के साथ आयोग आपकी प्रत्येक समस्या के समाधान को खोजने के लिए प्रयासरत रहेगा। सुनवाई मे भाग लेने से संबन्धित किसी भी जानकारी हेतु श्री रोहन प्रकाश (7011972862) से संपर्क किया जा सकता है।

---

Press Release Issued By:

Shivam Garg

Media Advisor

National Commission for Women

011-2694 4805